aglasem.com

FOR UP CLASS 12 PREPARATION

UP Board Class 12th Model Paper 2027 Tarkshastra

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
UP Class 12	2027	Sample Paper	Logic

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र
(सत्र 2026–27)
कक्षा–12
विषयः– तर्कशास्त्र

विषय कोड– 137 संकेतांक–330
समयः 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक– 100

निर्देशः (i) सभी प्रश्न अनिवार्य है।
(ii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय है।
(iii) प्रश्न संख्या 11 से 15 तक अतिलघुउत्तरीय है, जिनका उत्तर प्रत्येक 10 शब्दों (एक वाक्य) में देना है।
(iv) प्रश्न संख्या 16 से 21 तक लघुउत्तरीय है, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 50 शब्दों में देना है।
(v) प्रश्न संख्या 22 से 26 तक दीर्घ उत्तरीय हैं जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 200 शब्दों में देना है।
(vi) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

नोटः निम्नलिखित दस प्रश्नों के प्रत्येक के चार विकल्प दिये गये हैं। इनमें से सही विकल्प चुनकर उसे अपनी उत्तर –पुस्तिका में लिखिये।

1. तर्कशास्त्र को किस प्रकार का विज्ञान माना जाता है? 1
(क) प्राकृतिक विज्ञान (ख) आदर्शात्मक विज्ञान
(ग) वर्णनात्मक विज्ञान (घ) भौतिक विज्ञान

2. तर्क के मुख्य रूप से कितने प्रकार होते हैं? 1
(क) दो–निगमन और आगमन
(ख) तीन–निगमन, आगमन और उपमान
(ग) चार–निगमन, आगमन, उपमान और शब्द
(घ) पांच–निगमन, आगमन, अर्थापत्ति, अनुपलब्धि और उपमान

3. जहाँ–जहाँ धुँआ है वहाँ आग है, जैसे रसोईघर में यह किस प्रकार की युक्ति है? 1
(क) निगमनात्मक युक्ति (ख) आगमनात्मक युक्ति
(ग) सादृश्यमूलक युक्ति (घ) उपमान युक्ति

4. अनंतरानुमान के कितने प्रकार हैं? 1
(क) दो– तत्कालिक और माध्यमिक
(ख) तीन– परिवर्तन, प्रतिवर्तन और प्रतिवरिवर्तन
(ग) चार– A, E, I, O
(घ) पाँच– परिवर्तन, प्रतिवर्तन, विवर्तन, प्रतिपरिवर्तन, प्रतिविवर्तन

5. वाक्य का प्रतिवर्तन करने पर कौन–सा वाक्य प्राप्त होता है? 1
(क) A (ख) E
(ग) I (घ) प्रतिवर्तन सम्भव नही है।

6. न्यायवाक्य में 'मध्यपद' की क्या विशेषता होती है? 1
(क) यह निष्कर्ष में आता है।
(ख) यह केवल दोनों आधार वाक्यों में आता है।
(ग) यह केवल साध्य–वाक्य में आता है।
(घ) यह केवल पक्ष–वाक्य में आता है।

7. **'सभी मनुष्य मरणशील है। सभी राजा मनुष्य है। अतः सभी राजा मरणशील हैं। यह किस संयोग का उदाहरण है?** 1

(क) A A A – प्रथम आकार

(ख) A I I – प्रथम आकार

(ग) E A E – प्रथम आकार

(घ) A E E – द्वितीय आकार

8. **प्रथम आकृति के न्यायवाक्य में मध्य पद की स्थिति क्या होती है?** 1

(क) साध्य–वाक्य का उद्देश्य और पक्ष–वाक्य के विधेय

(ख) साध्य वाक्य का विधेय और पक्ष–वाक्य का उद्देश्य

(ग) दोनों आधार वाक्यों का उद्देश्य

(घ) दोनों आधार–वाक्यों का विधेय

9. **न्यायवाक्य का कौन सा नियम कहता है कि, दो निषेधात्मक आधार वाक्यों से कोई निष्कर्ष नही निकलता?** 1

(क) प्रथम नियम (ख) द्वितीय नियम

(ग) तृतीय नियम (घ) चतुर्थ नियम

10. **'सभी विद्वान परिश्रमी हैं'। कुछ छात्र विद्वान हैं। अतः सभी छात्र परिश्रमी हैं। इस न्यायवाक्य में कौन सा दोष है?** 1

(क) अव्याप्त मध्यम पद दोष (ख) अवैध साध्य दोष

(ग) अवैध पक्ष दोष (घ) चतुष्पदी दोष

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

11. तर्कशास्त्र को कला और विज्ञान दोनों क्यों कहा जाता है? स्पष्ट कीजिए। 2

12. निगमन और आगमन तर्क में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 2

13. E वाक्य का परिवर्तन और प्रतिवर्तन करके दिखाइये। 2

14. 'अवैध साध्य दोष' कब होता है? एक उदाहरण देकर समझाइये। 2

15. न्याय वाक्यों में आकृतियों का निर्धारण किस पद के आधार पर होता है? 2

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

16. तर्कशास्त्र की परिभाषा दीजिए। इसे 'आदर्शात्मक विज्ञान' और कला दोनों क्यों कहा जाता है? तर्कशास्त्र के विषय क्षेत्र को स्पष्ट कीजिए। 5

17. अंतरानुमान किसे कहते है? तात्कालिक अनुमान के प्रकारों–परिवर्तन, प्रतिवर्तन और प्रतिपरिवर्तन को उदाहरण सहित समझाइये। 5

18. न्यायवाक्य के आकार से क्या तात्पर्य है? न्यायवाक्य के चारों आकृतियों को मध्य पद की स्थिति के आधार पर चित्र बनाकर समझाइये। 5

19. दिये गये न्यायवाक्य में यदि कोई दोष हो तो स्पष्ट कीजिए– 5

सभी तारे आकाश में चमकते है।
सभी फिल्मी तारे लोकप्रिय हैं।
अतः सभी लोकप्रिय व्यक्ति आकाश में चमकते हैं।

20. ''सर, मुझे परीक्षा में पास कर दीजिए। मेरे पापा की तबियत बहुत खराब है और घर में कमाने वाला कोई नहीं है। अगर मैं फेल हो गया तो मेरी पढ़ाई छूट जाएगी।'' उपरोक्त दिये गये कथन में कौन–सा तर्कदोष है। स्पष्ट करें। 5

21. संग्रह दोष से आप क्या समझते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 5

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

22. मिश्र न्यायवाक्य किसे कहते हैं? मिश्र न्यायवाक्य के प्रमुख भेदों में हेतुफलाश्रित न्यायवाक्य के वैध आकारों का उल्लेख कीजिए। 10

23. प्राकल्पना तथा साम्यानुमान का अर्थ स्पष्ट करते हुए दोनों में अन्तर बताइये। साथ ही साभ्यानुमान की शक्ति किन बातों पर निर्भर करती है? उदाहरण सहित समझाइये। 10

24. नियमों के संस्थापन से क्या तात्पर्य है? आगमन द्वारा नियम संस्थापन की प्रक्रिया को समझाइये। 10

25. वर्गीकरण से आप क्या समझते हैं? एक उत्तम वैज्ञानिक वर्गीकरण की आवश्यक शर्तो का वर्णन कीजिए। साथ ही वर्गीकरण का एक उदाहरण प्रस्तुत कर बताइये कि आपका वर्गीकरण कृत्रिम है या प्राकृतिक और क्यों? 10

26. मिल की प्रायोगात्मक विधियों के आधारभूत सिद्धान्त क्या है, उदाहरण सहित व्याक्या कीजिए। 10